तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 अबूझमाड़ अंचल में हिंसा की बाधा थमी व विकास की नई कहानी शुरू



11 प्रशासनिक कसावट के लिए कर्मचारियों को कार्य पूरा ...



B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# दुर्गम पहाड़ को लांघकर कनड़गुड़ा, घुमोड़ी और बड़े हिड़मा गांव पहुंची स्वास्थ्य कर्मी टीम

महेन्द्र विश्वकर्मा ▸▸ जगदलपुर

बस्तर क्षेत्र नक्सल मुक्त होने से जनसेवा की एक नई और सुखद तस्वीर सामने आई है। सुकमा जिले के घने जंगलों एवं दुर्गम पहाड़ के बीच स्थित कनड़गुड़ा, घुमोड़ी और बड़े हिड़मा गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित पहुंच सुनिश्चित की गई है। यह गांव पहले भौगोलिक कठिनाइयों के कारण सरकारी सुविधाओं से पूरी तरह कटा हुआ था, कोंडासावली उप स्वास्थ्य केन्द्र की टीम तीनों गांव पहुंचने में पैदल जाते हुए नाला पार कर घने जंगलों की बीच बड़े हिड़मा पहुंचे। स्वास्थ्य टीम ने गांवों के लगभग 100 से अधिक ग्रामीणों का उपचार किया, जिसमें मलेरिया एवं खुजली के मरीज मिले। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और नक्सल प्रभावित इलाकों के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को जान जोखिम में डालकर काम करना पड़ता है। स्वास्थ्य कर्मचारी अक्सर पैदल या मोटरसाइकिल से उफनती नदियों, नालों और पहाड़ को पार कर सुदूर गांवों तक जीवन रक्षक दवाएं पहुंचा रहे हैं। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की राह में कई बड़ी चुनौतियां हैं, पहाड़ी गांवों तक पक्की सड़कें नहीं हैं, जिसके कारण एम्बुलेंस या अन्य वाहन वहां नहीं पहुंच पाते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें दुर्गम गांवों में पहुंचकर मलेरिया, गंभीर कुपोषण और सिकल सेल जैसी बीमारियों की जांच कर रही ▸▸ शेष पेज 10 पर

## बड़े हिड़मा पहाड़ व घने जंगल के 3 गांवों में जान जोखिम में डाल कर पहुंच रहे

### स्वास्थ्य कर्मियों का कार्य चुनौतीपूर्ण

जगरगुंडा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि घर-घर जाकर सर्वेक्षण और स्वास्थ्य परीक्षण से ग्रामीणों को बहुत राहत मिली है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिन, एएनएम को दूरदराज के क्षेत्रों में पल्स पोलियो ड्रॉप पिलाने या टीकाकरण के लिए मीलों पैदल चलना पड़ रहा है।

अलग खबर





### सीएमएचओ को दिए निर्देश

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिए गए हैं कि अंदरूनी क्षेत्र के घरों तक ग्रामीणों की जांच कर उपचार करें। स्वास्थ्य कर्मी जान जोखिम में डालकर ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### जैबेल में टीकाकरण सप्ताह के लिए बैठक

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देश एवं सेक्टर प्रभारी डॉ. गजेन्द्र सेठिया के मार्गदर्शन में सेक्टर जैबेल मे बैठक में 13 से 18 जुलाई तक विशेष टीकाकरण सप्ताह के संबंध में हुई। टीकाकरण कार्य में गर्भवती माताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक ग्राम पाराओं में मितानिन के माध्यम से लाभ लेने उपस्थित गर्भवती माताओ को प्रेरित किया गया। पर्यवेक्षक ने कहा कि गर्भकाल के प्रथम सप्ताह से तीन माह तक फोलिक एसिड की दवा लेने प्रेरित किया एवं तीन माह पश्चात आयरन फोलिक एसिड व कैलसियम की दवा छह माह तक अनिवार्य रुपसे लेने बताया।

### विद्या ज्योति स्कूल में मनाया वन महोत्सव



**जगदलपुर।** विद्या ज्योति विद्यालय में बस्तर वन मंडल के सहयोग से वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने भाग लिया। परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा, प्राचार्य फादर एंटोनी, इको क्लब इंचार्ज मिस जैनी वीवा प्रिति, अंजू दुबे, मकसूदा हुसैन सहित शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम वन स्टूडेंट, वन पौधा रखा गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक छात्र को एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के पीटीआई अब्दुल मोइम ने बताया कि विद्यार्थियों ने स्वच्छ व हरित बनाने का संकल्प लिया।

### भय के साए बच्चे में पढ़ने को मजबूर



**जगदलपुर।** तोकापाल जनपद के प्राथमिक शाला पांडुपारा के बच्चे भय के माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। विद्युत कंपनी ने ठीक स्कूल के बाजू में ट्रांसफार्मर लगा दिया है। छह माह पहले इसी ट्रांसफार्मर में करंट की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई थी, जिसके बाद स्कूल के 29 बच्चे व अध्यापिका हमेशा अनहोनी के आशंका से भयभीत रहते है। प्राथमिक शाला पांडुपारा में 29 की दर्ज संख्या है, स्कूल में बाउंड्रीवाल तक नहीं बनाया गया है। साथ ही मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए शेड भी नहीं बनवाया गया है, जिससे बारिश में भोजन बनाने में परेशानी हो रही है। स्कूल में काफी समय से एक ही शिक्षक पदस्थ हैं। इन समस्याओं के निराकरण हेतु कई बार विभाग को लिखा गया पर उचित कार्रवाई नहीं हुई है।

## समीक्षा: नक्सल प्रकरण वापसी के लिए हर सप्ताह होगी बैठक

# नक्सल प्रभावित जिलों में विकास और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाएं : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने महानदी भवन में पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नक्सल मामलों में जेल में निरुद्ध ऐसे आरोपियों, जिनके विरुद्ध गंभीर जनहानि के प्रकरण नहीं हैं। उनके मामलों की विधिसम्मत समीक्षा कर रिहाई की प्रक्रिया में आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिसके लिए विधि विभाग की सहायता से अभियोजन एवं वकीलों का दल बनाकर प्रकरण वापसी पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह इसकी प्रगति की समीक्षा बैठक संबंधित प्रकरण से जुड़े जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे नक्सल प्रकरण जिनमें जनहानि नहीं हुई है उनमें जेल में निरुद्ध नक्सल आरोपियों की रिहाई आवश्यक है। कभी अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के तीव्र विकास के लिए शासन द्वारा नक्सल मुक्त प्रस्ताव पारित कर ऐसे ग्रामों में 1-1 करोड़ रुपयों के विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। जिससे ग्रामीणों को आजीविका प्राप्त होने के साथ ग्रामों का विकास भी होगा। इसके लिए वर्तमान में 50 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। जिसमें सुकमा के 20, बीजापुर के 20 एवं नारायणपुर के 10 ग्राम शामिल हैं।

■ शासकीय वकीलों की बनेगी टीम

### पीड़ित एवं पुनर्वासित परिवारों को मिलेगा आवास

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी नक्सल पीड़ति एवं पुनर्वासित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के विशेष प्रावधानों के तहत आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जिन क्षेत्रों में बड़ी नक्सली घटनाएं हुई हैं वहां सामुदायिक स्मारकों का निर्माण भी कराया जाए ताकि शहीदों एवं पीड़तिों की स्मृतियों को सम्मान मिल सके। उन्होंने जिलावार नक्सली घटनाओं में शहीद हुए जवानों एवं मृत नागरिकों के मामलों, उनके परिजनों को प्रदान की गई सहायता तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

### सभी नक्सल मुक्त गांवों में तिरंगा यात्रा

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 15 अगस्त को सभी नक्सल मुक्त हुए गांवों में तिरंगा फहराया जाएगा। जिससे राष्ट्रीय एकता, विश्वास और जनभागीदारी का संदेश गांव-गांव तक पहुंचेगा।

### प्रोत्साहन राशि का भुगतान एक माह में

उप मुख्यमंत्री ने पुनर्वास नीति का पालन करते हुए पुनर्वासित युवाओं को घोषित प्रोत्साहन राशि का अगले एक माह के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्सल पीड़तिों एवं पुनर्वासितों को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए तैयार डेश बोर्ड में जानकारी प्रविष्ट करने को कहा। उन्होंने माओवादियों द्वारा लुटे गए हथियारों की बरामदगी पर अंतर्राज्यीय समिति बनाकर मिलान करने एवं जंगल में कोई भी हथियार ना छूटे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में, चालक की मौके पर मौत





हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

तेज रफ्तार ट्रक चालक की लापरवाही का खामियाजा बाईक चालक को उठाना पड़ा। ट्रक की टक्कर से दूसरों की जान बचाने वाले बाईक सवार एम्बुलेस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रवाना किया। हादसा बस्तर थाना क्षेत्र के एनएच 30 स्थित देउरगांव के करीब हुआ जहां ड्यूटी पर आ रहे एम्बुलेस चालक हादसे का शिकार हो गया। घटनास्थल में हादसे के बाद जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक हादसे में मृत युवक की शिनाख्त 108 कर्मचारी के रूप में हुई है जो अपने घर से ड्यूटी जाने के नाम पर निकला था। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को जब्त कर लिया गया है। हादसा उस समय हुआ जब तोकापाल राजुर निवासी घनश्याम मौर्य 26 वर्ष ने 1 जून 2026 को 108 वाहन में पायलट के रूप में ज्वाइन किया था। वह 10 जुलाई की रात स्कूटी से ड्यूटी स्थल जा रहा था कि देउरगांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने घनश्याम को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ट्रक को रोक लिया। घटना के बाद मृतक के पास से मिले दस्तावेज के आधार पर उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दिया गया।

■ दूसरों की जान बचाने वाला एम्बुलेस चालक स्वयं हो गया हादसे का शिकार

# सरकार महंगाई नियंत्रण पर पूरी तरह है विफल : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस के चलाए जा रहे मिशन गांव चलो अभियान के अंतर्गत शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में नानगुर बाजार में किसानों, युवाओं, छोटे व्यापारियों एवं आम नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, शिक्षा व्यवस्था और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत

■ नानगुर बाजार में कांग्रेस ने लोगों से की चर्चा



सुविधाओं से संबंधित अनेक समस्याएं रखीं। कांग्रेस नेताओं ने आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या को गंभीरता से संबंधित विभागों एवं शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा तथा समाधान के लिए लगातार संघर्ष किया जाएगा।

नागरिकों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं से लेकर खाद्य सामग्री तक के बढ़ते दामों ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही ▸▸ शेष पेज 10 पर

# मोबाइल व नकदी की लूट का फरार आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र के पनारापारा के करीब सप्ताह भर पूर्व लूट की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश व सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे के पर्यवेक्षण में नगर निरीक्षक लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीआई ने बताया कि 29 जून को प्रार्थी रोशन निवासी मेटगुड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह आसना से पनारा पारा की आ रहा था तभी स्कूल के पास खड़ा आरोपी अनिल कुमार बघेल 30 वर्ष निवासी पनारापारा लालबहादुर शास्त्री स्कुल के पीछे द्वारा तू यहां कैसे खड़ा है करके गाली गलौच कर हाथ झापड़ से मारपीट करते हुए उसके पास रखा मोबाईल कीमत 10 हजार रूपए व 15 सौ रूपए नगद लूट कर ▸▸ शेष पेज 10 पर

# राशन दुकान की महिला संचालक को ग्राहक ने जड़ा थप्पड़, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बकावण्ड थाना क्षेत्र के जैतगिरी पंचायत में संचालित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में अंत्योदय कार्डधारी ने शक्कर नहीं मिलने पर राशन दुकान की महिला संचालिका से मारपीट कर दी। पीड़िता ने आरोपी कार्डधारी के खिलाफ बकावण्ड थाना में मामला दर्ज कराया है। आवंटन बंद होने के कारण अंत्योदय कार्डधारी को शक्कर नहीं देने पर राशन दुकान में महिला विक्रेता से मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर बकावंड पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर घटना के बाद फरार हो गए आरोपी की तलाश की जा रही है। वहीं मारपीट की घटना के बाद घबराई पीड़िता ने आरोपी के गिरफ्तारी होते तक दुकान बंद रखने की चेतावनी दी है। पूरा मामला जिले के बकावंड ब्लॉक की ग्राम पंचायत जैतगिरी का है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अंत्योदय कार्ड पर शक्कर न मिलने पर कार्डधारी सुरजीत सिंह ने राशन विक्रेता महिला के साथ मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट बकावंड थाने में दर्ज कराई गई है बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से राशन विक्रेताओं में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार अंत्योदय कार्डधारी सुरजीत सिंह शक्कर लेने दुकान पहुंचा था जहां विक्रेता द्वारा अंत्योदय कार्डधारियों के लिए शक्कर का आवंटन बंद होने और स्टॉक में शक्कर न होने की बात कहने पर आरोपी ने विक्रेता महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करते हुए थप्पड़ जड़ दिया।

■ आवंटन बंद होने के बाद भी अंत्योदय कार्डधारी मांग रहा था शक्कर

### संघ ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बकावण्ड थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थिया शासकीय सेवक है या संविदा कर्मचारी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है बहरहाल रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है। इधर घटना के विरोध में जिला राशन विक्रेता कल्याण संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ का कहना है कि शासन से जो भी खाद्य सामग्री आती है उसका समय पर सभी कार्डधारियों को वितरण किया जाता है। आज तक किसी को परेशान नहीं किया गया।

## नक्सल मुक्त गांवों की प्राकृतिक खेती बनेगी नई पहचान

# बस्तर के जैविक उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग के जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बड़े बाजारों तक पहुंचाने तथा किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार ने पहल की है। उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने जारी बयान में बताया कि उच्चस्तरीय बैठक में बस्तर के उन गांवों की पहचान कर उनका जैविक प्रमाणन कराने का निर्णय लिया गया। जहां आज तक किसानों ने रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव छत्तीसगढ़ की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं और इनकी जैविक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जाना चाहिए। विजय शर्मा ने बताया कि हाल ही में नारायणपुर और कांकेर के नक्सल मुक्त हुए ग्रामों के प्रवास के दौरान अनेक किसानों ने यह जानकारी दी थी कि उन्होंने अपने खेतों में कभी भी रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया है। ऐसे गांवों को चिन्हित कर राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम से जोड़ा जाए, ताकि उनके उत्पादों का विधिवत जैविक प्रमाणन कराया जा सके और उन्हें देश के बड़े बाजारों के साथ-साथ यूरोप सहित अन्य विदेशी बाजारों तक पहुंचाया जा सके। शर्मा ने कहा कि जैविक प्रमाणन के बाद बस्तर के किसानों को उनके उत्पादों का वर्तमान मूल्य की तुलना में तीन से चार गुना अधिक मूल्य प्राप्त हो सकेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा तथा बस्तर की विशिष्ट कृषि पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने एनपीओपी प्रमाणन के लिए आवश्यक ▸▸ शेष पेज 10 पर

■ एपीडा, कृषि एवं पंचायत विभाग के साथ बनी कार्ययोजना



### यूरोपीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए बनेगी रणनीति

मंत्रालय में हुई बैठक में बस्तर के जैविक उत्पादों को यूरोप सहित अन्य देशों के बाजारों तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम , सहभागी गारंटी प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक प्रमाणन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्ता, प्रमाणन और विपणन की पूरी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए ताकि बस्तर के उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना सकें। इसके लिए ग्राम स्तर पर सहकारी समितियों का निर्माण कर उत्पादन का हर किसी को भागीदार बनाया जाएगा।

### बस्तर के जिलों में जाएगा संयुक्त दल, होगी टेस्टिंग

उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक अश्विनी देवांगन के साथ दो संयुक्त दल गठित कर नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कांकेर और बीजापुर जिलों का दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये दल एपीडा और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर जैविक क्षेत्रों का सर्वेक्षण करेंगे तथा जैविक उत्पादों के लिए आवश्यक परीक्षण और तकनीकी प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके द्वारा पूरे ग्राम पंचायतों को जैविक प्रमाणन दिलाकर बस्तर के उत्पादों को बिहान के छत्तीसकला ब्रांड द्वारा एक्सपोर्ट किया जाएगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने 18 मवेशियों को रौंदा 14 की मौके पर मौत, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा



थाना कोन्टा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 18 मवेशी कुचल गए, जिनमें 14 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मडकम वीरा (32) निवासी डोण्ड्रा थाना कोन्टा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि लगभग 1 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एएक्स 4808 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर मौजूद 18 बैल, गाय, बछड़ा एवं बछिया को कुचल दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोन्टा में अपराध क्रमांक 19/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 तथा छत्तीसगढ़ ▸▸ शेष पेज 10 पर

### बैठक कर करेंगे जागरूक



कोंटा के पास गो वंश के साथ घटित घटना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि एनएच के किनारे बसे ग्रामों की बैठक कर मवेशियों को घर पर बाँधने व सुरक्षित रखने कहा जाएगा। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। योजना के लिए पात्र विद्यार्थी 12 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश देकर कक्षा 12वीं तक निःशुल्क अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना का लाभ ऐसे निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों को मिलेगा, जिनका श्रमिक पंजीयन कम से कम एक वर्ष पुराना हो। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 10 से 12 वर्ष के बीच होना तथा पूर्व सत्र में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में नियमित अध्ययनरत होना आवश्यक है। आवेदन के साथ एक वर्ष पुराना निर्माण श्रमिक पंजीयन कार्ड, श्रमिक का निवास प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, कक्षा 5वीं की अंकसूची तथा वर्तमान कक्षा का अध्ययन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय, श्रम संसाधन केंद्र जनपद पंचायत, नजदीकी लोक सेवा केंद्र या चॉइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति का नवीनीकरण शुरू, नए आवेदन आमंत्रित

कोण्डागांव। शिक्षा सत्र 2026–27 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नवीनीकरण आवेदन जारी हैं, जबकि नवीन आवेदन 1 अगस्त 2026 से शुरू होंगे। शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई और पॉलिटेक्निक सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार नवीनीकरण आवेदन 20 जून से प्रारंभ हैं तथा नए आवेदन 1 अगस्त से 30 दिसंबर 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी आवेदनों का परीक्षण एवं स्वी—ति समय–सीमा में पूरी कर जनवरी 2027 तक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यार्थियों को राज्य के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के दौरान आवश्यक दस्तावेज एवं बैंक खाते की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा। छात्रवृत्ति के लिए जाति प्रमाण–पत्र, मूल निवास प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, पिछले वर्ष की अंकसूची तथा आधार से जुड़े सक्रिय बैंक खाते की जानकारी आवश्यक होगी। भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के आधार–सीडेड बैंक खाते में किया जाएगा। वर्ष 2026–27 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी विद्यार्थियों के लिए एनएसपी पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्राप्त करना भी अनिवार्य किया गया है।

### पीएचसी सोनाबाल प्रकरण पर कार्रवाई की अनुशंसा

**कोण्डागांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनाबाल में प्रसव संबंधी घटना के मामले में प्राप्त प्रतिवेदन एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 26 जून 2026 को हुई घटना के बाद संस्था प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र में 24ґ7 आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में अपेक्षित सतर्कता नहीं बरती गई। साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने में भी कमी पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि एक कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगाकर चले जाना कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही है, जिसे अनुशासनहीनता माना गया है।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में बारिश के बीच किया कड़ा अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

लगातार हो रही बारिश के बावजूद अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव के निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण शिविर में युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। विकास नगर स्टेडियम में प्रशिक्षणार्थियों ने बारिश के बीच अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए नियमित शारीरिक अभ्यास किया।

बारिश के बीच मैदान के किनारे मौजूद अभिभावकों ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। उनका कहना था कि यह प्रशिक्षण युवाओं को कठिन परिस्थितियों का सामना करना और जीवन में अनुशासन बनाए रखना सिखा रहा है।

## अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए किया शानदार प्रदर्शन

### बारिश में भी जारी रही फिजिकल ट्रेनिंग

सुबह से हो रही झमाझम बारिश के बावजूद करीब 90 युवक–युवतियां मैदान में पहुंचे। पूर्व सैनिकों के निर्देशन में उन्होंने रनिंग, स्ट्रेचिंग, पुश–अप्स और पीटी जैसे कठिन अभ्यास पूरे किए। कीचड़ और पानी के बावजूद प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### अनुशासन और फिटनेस से समझौता नहीं

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कहा कि मौसम चाहे जैसा भी हो, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस से समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में प्रशिक्षण लेने से युवाओं की मानसिक और शारीरिक क्षमता मजबूत होती है।

### फिटनेस और आत्मविश्वास का संदेश

परिषद ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, जब अधिकांश बच्चे मोबाइल और टीवी तक सीमित हैं, ऐसे में खुले मैदान में नियमित शारीरिक प्रशिक्षण युवाओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। प्रशिक्षण के दौरान परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य श्रीकांत तिवारी, राकेश धीवर सहित परिषद के पदाधिकारी और 90 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## विकास : मंत्री केदार कश्यप ने मसपुर में किया मायका केंद्र का शुभारंभ

# अबूझमाड़ अंचल में हिंसा की बाधा थमी व विकास की नई कहानी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

■ प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को नए घरों की चाबियाँ सौंपी

कभी नक्सलवाद की चुनौतियों और विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं के लिए पहचाना जाने वाला अबूझमाड़ आज विकास, विश्वास और सुशासन की नई मिसाल बनकर उभर रहा है। नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर ओ र छा विकासखंड के ग्राम मसपुर में मायका केंद्र का शुभारंभ नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नए घरों की चाबियाँ सौंपीं, बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक त्वरित स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के लिए मोटर बाइक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में भाजपा की डबल इंजन सरकार अबूझमाड़ जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की किरण पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में कभी सरकारी भवनों को क्षतिग्रस्त किया जाता था, सड़क निर्माण और विकास कार्यों को रोकने का प्रयास होता था, आज वहीं सड़कें बन रही हैं, पुल खड़े हो रहे हैं और जनकल्याणकारी योजनाएँ लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं।





### हजारों ग्रामीणों के सपने साकार

उन्होंने कहा कि बासिंग पुल और कोहकामेटा पुल का लोकार्पण केवल आधारभूत संरचना का विस्तार नहीं, बल्कि वर्षों से विकास की प्रतीक्षा कर रहे हजारों ग्रामीणों के सपनों को साकार करने वाला ऐतिहासिक कदम है। इन पुलों ने दूरस्थ गांवों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले हैं। कैबिनेट मंत्री कश्यप ने बताया कि मसपुर में प्रारंभ किया गया मायका केंद्र दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। प्रसव की संभावित तिथि से लगभग 15 दिन पूर्व गर्भवती माताओं को यहाँ लाकर सुरक्षित आवास, पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखरेख की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित हो सके।

### जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मोटर बाइक एम्बुलेंस और मायका केंद्र जैसी पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि अबूझमाड़ अब चुनौतियों और बाधाओं की नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और नई संभावनाओं की पहचान बन रहा है। जहाँ कभी विकास के रास्ते रोके जाते थे, आज वहीं विकास स्वयं लोगों के द्वार तक पहुँच रहा है।

# विधायक लता ने बड़ेकनेरा की छात्राओं को बांटीं साइकिलें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम बड़ेकनेरा स्थित शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखना है। उन्होंने बताया कि इस योजना से विशेषकर ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रें की बालिकाओं को लाभ मिल रहा है और विद्यालय छोड़ने की दर में कमी आई है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

कार्यक्रम के बाद विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

### जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदाई नाग, सरपंच प्रकाश चुरूगिया, उपसरपंच सोहन पोयाम, हितेश झा, पार्षद सुश्री सोनामणि पोयाम, संतोष पात्र, श्रीमती ननकी वैष्णव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, प्रेमसिंह नाग, पूर्व जनपद सदस्य सुरेश देवांगन, केजूराम नेताम, विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं उपस्थित रहे।

# अच्छी संगत और पुस्तकें पढ़ने का प्रयास करें : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में हुआ विशेष व्याख्यान व छात्र समागम

एक स्पष्टवादी राजनीतिक विचारक, सुविख्यात शिक्षाविद् और भारत की अखंडता के प्रबल पैराकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान एवं छात्र समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में विचारधारा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण महान हुए। आज उनकी विचारधारा पर केंद्र और प्रदेश की सरकारें चहुंमुखी विकास के कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने एनईपी 2020 को रोजगार से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया है। नए कॉलेज खोलने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए जरूरी अधोसंरचना पर तेजी से काम किया जा रहा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छी संगत करें और अच्छी पुस्तकें पढ़ने का प्रयास करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एमबीए भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सभागार का अतिथियों द्वारा लोकार्पण भी किया गया।

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आधुनिक भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। उन्होंने आसान जीवन छोड़कर संघर्ष को चुना। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में उनके विचार आज देशवासियों को प्रेरणा दे रही है। महापौर संजय पांडेय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। आजाद भारत में राष्ट्र प्रथम की भावना जगाकर देश की अखंडता के लिए लोगों को जागरित किया। संचालन डॉ रश्मि देवांगन ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. सजीवन कुमार ने किया। इस अवसर पर जयराम दास, सदस्य विद्या एवं मूल्यांकन बोर्ड, महेंद्र कांत, सदस्य विद्या एवं मूल्यांकन बोर्ड, अजय बैस, सदस्य कार्यपरिषद, रूपसिंह मंडावी सदस्य जनजाति आयोग, सुभाऊ कश्यप, पूर्व विधायक, डॉ. अनिल श्रीवास्तव प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. अतुल त्रिवेदी, प्राचार्य आत्मानंद मॉडल कॉलेज, अंबिका ध्रुव, प्राचार्य आत्मानंद स्कूल, अभिषेक बाजपाई पूर्व कुलसचिव, अमित रामटेके सहित अन्य उपस्थित रहे।



### सपनों को पूरा कर रही सरकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी न केवल एक मेधावी छात्र थे बल्कि शिक्षा के अग्रदूतों में अग्रणी थे। राजनीति, समाज, शिक्षा, संस्कृति, औद्योगिक विकास जैसे विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। भिलाई स्टील प्लांट की स्थापना में उनका अमूल्य योगदान था। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश, एक विधान, एक निशान के ध्येय पर अपना जीवन न्योछावर कर दिया। जम्मू कश्मीर में जाने के लिए लगने वाले परमिट को बंद कराया था। डॉ. श्यामा प्रसाद ने जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था का सपना देखा था उस सपने को आज की केंद्र व प्रदेश सरकार पूरा कर रही हैं। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक युग प्रवर्तक नेता थे।

# सेवा सेतु से त्वरित बने जाति आय एवं निवास प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित सेवा सेतु योजना आम नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने में प्रभावी साबित हो रही है। इसके माध्यम से जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाएं अब तेजी से उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल वार्ड, कोंडागांव निवासी श्री सोनी ने अपने बच्चों के लिए सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाए। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया आसान, व्यवस्थित और समयबद्ध रही।

### बिना भागदौड़ के मिले प्रमाण पत्र

आवश्यक दस्तावेज जमा कर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद निर्धारित समय में उनके बच्चों के प्रमाण पत्र जारी हो गए। इससे उन्हें बार–बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

### सेवा सेतु बना आमजन के लिए सुविधा का माध्यम

श्री सोनी ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा सेतु जैसी पहल से सरकारी सेवाएं अब लोगों के घर के नजदीक, सरल और सुलभ हो गई हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

# केशकाल के विद्यालयों में गौ सम्मान अभियान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत केशकाल क्षेत्र के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को गौ माता के आर्थिक, धार्मिक, व्यावहारिक एवं औद्योगिक महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला गौ आयोग के सदस्य ईश्वर बैश एवं रामा वैष्णव ने बताया कि गौ माता का महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, प्राकृतिक कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को जैविक खेती, गौ-आधारित उत्पादों तथा गोबर एवं गौमूत्र के विभिन्न उपयोगों के संबंध में भी जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत केशकाल के सरस्वती शिशु मंदिर, मूंगबाड़ी विद्यालय, सुरडोंगर विद्यालय, कन्या शाला विद्यालय जैसे शिक्षा संस्थानों में जागरूकता पत्रक वितरित किए गए तथा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेते हुए गौ संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण तथा गौ संवर्धन के महत्व से जोड़ना और समाज में सकारात्मक जनजागरूकता का प्रसार करना है।

## पेज 9 के शेष

### दुर्गम पहाड़ को लांघकर ....

हैं। बताया जा रहा है कि कोंडासावली से कनइगुड़ा, घुमोड़ी और बड़े हिड़मा गांव में 25 किमी दूर जाना पड़ रहा है, पहाड़ के बाद दंतेवाड़ा जिले का लौहनगरी बचेली एवं किरंदुल मिलता है।

### सरकार महंगाई ....

है। कई लोगों ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की नीति को लेकर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विषय पर सरकार के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने भारी नाराजगी जताई। किसान खाद और बीज की अनुउपलब्धता पर चिंता जताई। शिक्षा व्यवस्था पर बताया कि कई विद्यालयों में समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं तथा अनेक स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं।

ये रहे मौजूद : इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद्र जैन, जिला उपाध्यक्ष नीलू राम बघेल, महामंत्री विजय सिंह, जिला सचिव हीरा लाल ध्रुव, मंडल अध्यक्ष गणेश सेठिया,विजय ध्रुव, लोकेश सेठिया उपस्थित रहे।

### मोबाइल व नकदी ...

फरार हो गया था जिसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मारपीट कर एक रियलमी कंपनी का मोबाइल और नगदी रकम 1500 रुपए लूट कर ले गया था। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाईल बरामद कर लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया और न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

पूर्व में भी गया था जेल : निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अनिल बघेल को पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जेल से छूटने के बाद एक बार फिर उसे लूट के मामले में जेल भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में टीआई के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, अरूण मरकाम, पीएसआई भूपेंद्र पैकरा, एएसआई बिजेंदर सिग, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक रंगलाल खरे, केशव चंद्रा, बलराम व महिला आरक्षक रीना अनंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बस्तर के जैविक उत्पादों ....

तीन सालों की अवधि की आवश्यकता को बस्तर की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए छूट देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वनोत्पादों को प्रमाणन की आवश्यकता ना होने से उसे भी एक्सपोर्ट रेडी करने के लिए तैयारी करने को कहा ताकि बस्तर के लोगों को वनोत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

### तेज रफ्तार ट्रक ने...

कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 10 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस की तत्परता से आरोपी गिरफ्तार : विवेचना के दौरान पुलिस ने ट्रक चालक राजकुमार उरांव निवासी फरठिया थाना गढ़वा झारखंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के कब्जे से ट्रक एवं दस्तावेज जब्त किए गए। आरोपी को 11 जुलाई को शाम 5 बजे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई एवं न्यायिक रिमांड की प्रक्रिया पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वनांचल के चौक-चौराहे हाई मास्ट से होंगे रोशन



**बीजापुर।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों एवं ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत चौक-चौराहों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सोलर हाई मास्ट स्थापित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से नियद नेल्लानार ग्रामों में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को रात्रि के समय सुरक्षित एवं पर्याप्त प्रकाश की सुविधा मिल सके। पूर्व में इन क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था के अभाव के कारण ग्रामीणों को रात एवं बरसात के मौसम में आवागमन के दौरान सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता था। कई बार इससे जनहानि एवं अन्य नुकसान भी होता था। अब सोलर हाई मास्ट लगने से इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने लगी है और ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### नियद नेल्लानार से बदली अंचल की तस्वीर

**सुकमा।** जिले के सुदूर और नक्सल प्रभावित गांवों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अभियान के तहत अब तक 2 लाख 76 हजार 897 से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है। जिला प्रशासन का दावा है कि अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

# एनएच 30 का बुरा हाल, आए दिन घंटों लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बाघ रफ्टा में ट्रेलर वाहन के फस जाने से मार्ग बाधित हो गया। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दरभा पुलिस ने मार्ग को डायवर्ट किया। यात्री बस और छोटे वाहनों को दरभा के छिन्दावाड़ा, तीरथगढ़ मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है।

आये दिन भारी वाहनों के फंस जाने से केशलूर कोंटा मार्ग पूरी तरह से घंटो जाम की स्थिति में बनी हुई है है। कारण वर्तमान में बारिश हो रही है और बारिश की वजह से सड़क किनारे डाली गई मिट्टी दुर्घटना का सबब बना हुआ है और इस सड़क में मिट्टी



खिचड़ का रूप ले लिया है, जिसकी वजह से 4 पहिया वाहन हो या दो पहिया वाहन इस सड़क पर दुर्घटना के शिकार हो रहें है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के कुटुमसर बैरियर और दरभा के बीच पैदावाड़ा चौक तक चलने की स्थिति ही नहीं है। बाघ रफ्टा में साइड लेते वक्त ट्रेलर वाहन के फंसने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बीच होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 सड़क जाम हो गया है और दोनों साइड गाड़ियों की लंबी कतार लगी है। दरभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग डायवर्ट किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 दरभा व कुटुमसर बैरियर के बीच मार्ग बाधित होने से यात्री बस और छोटे वाहन दरभा के छिन्दावाड़ा, तीरथगढ़ मार्ग होते हुए आवागमन कर रहे हैं। राहगीरों ने जल्द मांग किया है कि केशलूर से तोंगपाल तक सड़क की मरम्मत की जाये।

# 84 युवाओं को नियुक्ति-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक एवं व्यावहारिक कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

जिला प्रशासन, रोजगार विभाग एवं माई भारत संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतिम रूप से चयनित जिले के 84 युवाओं को देश की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी एनएमडीसी में निःशुल्क



प्रशिक्षण (इंटर्नशिप) के लिए आधिकारिक नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने चयनित युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दंतेवाड़ा जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां के ग्रामीण एवं स्थानीय युवाओं को देश की अग्रणी नवरत्न कंपनी में कार्य सीखने का अवसर मिल रहा है।

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को दें प्राथमिकता

# प्रशासनिक कसावट के लिए कर्मचारियों को कार्य पूरा करने का दें लक्ष्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि राज्य शासन के प्राथमिकता वाले बिन्दुओं जैसे एग्रीस्टेक, बस्तर मुन्ने अभियान, नगरीय निकायों में सर्वे जैसे इत्यादि कार्यो में किसी भी प्रकार की विलंबता और लापरवाही न बरते। क्योंकि आगामी होने

- एग्रीस्टेक, नगरीय निकायों में सर्वे कार्य, राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर कलेक्टर ने दिया जोर

वाले मुख्य सचिव की बैठक में इन्हीं एजेण्डा पर फोकस किया जा कर जिले की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने की समय सीमा देते हुए जिम्मेदारी सौंपे ताकि सभी राजस्व प्रकरणों के लंबित मुददों में कमी आ सके। सभी अनुविभाग अधिकारी इसके लिए उनसे प्रतिदिन कार्यो की अद्यतन रिपोर्ट की



जानकारी अवश्य लें। यह प्रशासनिक कसावट जरूरी है।

बैठक के एजेण्डे में विशेष अभियान चलाकर बस्तर सभाग में खसरा, बी 1 एव नक्शों का शत प्रतिशत वितरण, नक्शा बटांकन, नक्शो का डिजिटाईजेशन, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम की प्रगति, स्वामित्व योजना, एग्रीस्टेक, राजस्व प्रकरण में रिकार्ड दुरूस्ती के पश्चात ही प्रकरणों को नस्तीद्ध किया जाना, आटो डायवर्सन की प्रगति, नारंगी क्षेत्र सर्वेक्षण, धार्मिक स्थल में अतिक्रमण के संबंध में, रक्षा मंत्रालय की भूमियों का नामांतरण, रेल्वे परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण/अतिक्रमण के संबंध मे, डब्ल्यू-पी-सी 1333/2018 धार्मिक स्थल में अतिक्रमण के संबंध में, न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा, आई-गोट प्रशिक्षण, नगरीय निकाय में पट्टा वितरण हेतु सर्वे कार्य की प्रगति, बकेट क्लेम 2031 मृत वन पट्टाधारी कृषकों का शत-प्रतिशत पीएम किसान सम्माननिधि योजानातर्गत पंजीयन, विवादित/अविवादित नामांतरण, ग्राम पंचायत नामातरण पंजी, विवादित/अविवादित बंटवारा, सीमाकन, व्यपवर्तन, धारा 115 त्रुटि सुधार, धारा 114 गलत प्रविष्टि, वृक्ष कटाई, ई-कोर्ट में न्यायालयीन प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा, जीर्ण-शीर्ण नक्शा नवीनीकरण, मसाहती ग्रामों की जानकारी, नजूल घोशित नक्शों का खसरा मेटनेश, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों की जानकारी, आधार, मोबाईल, जेन्डर प्रविष्टि किसान-किताब, अभिलेख शुद्धता नक्शा खसरों में अतर शून्य रकबे वाला खसरा, डीआईएलआरएमपी, भू-अभिलेख अद्यतीकरण, भूमिहीन कृषि मजदूर योजना ,भू-अर्जन प्रकरणों की स्थिति, भूमि अधिग्रहण सवधी जानकारी, भू-अर्जन के प्रकरण में मुआवजा वितरण की जानकारी, लोक सेवा गारण्टी, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अतर्गत समस्त क्षति का मुआवजा की स्थिति उपयोगिता प्रमाण पत्र,माग पत्र। वन अधिकार पत्र से संबंधित, वन अधिकार मान्यता पत्रों के प्रकरणो को रिकार्ड रूम में जमा किए जाने की जानकारी जैसे बिंदु शामिल थे। जिसकी प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर द्वारा आगामी बैठक में पुनः समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रीडर उपस्थित थे।

# परचनपाल में न्योता भोज उपहार पाकर बच्चे खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला परचनपाल में शुक्रवार को प्रेरणा टांक, नेहा टांक एवं उनके पुत्र निवासी कोलचुर पुजारिपारा ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, जिसमें चावल, दाल फ्राई, पूरी, छोले की सब्जी, पत्ता गोभी की सब्जी एवं लड्डू शामिल थे। भोजन के बाद विद्यार्थियों को उपयोगी उपहार भी वितरित किए गए। उपहार में पेंसिल, कटर, रबर, स्केल, टूथब्रश, जीभ साफ करने का ब्रश टंग क्लीनर, साबुन, कोलगेट टूथपेस्ट, कंघी एवं चॉकलेट प्रदान किए गए। जिले में सैकड़ों शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों को प्रतिदिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं प्राथमिक शाला परचनपाल अपनी विशेष पहल न्योता भोज के कारण अलग पहचान बना रहा है। नेहा टांक



समय-समय पर विद्यालय पहुंचकर बच्चों को अपने हाथों से भोजन कराना पसंद करती हैं। उनके इस सराहनीय प्रयास से बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्वाद भी मिलता रहता है, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण बना रहता है। ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने इस सेवा भावना की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। इस अवसर पर शिक्षिका जयश्री जेठावा टीकेश्वरी मंडावी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## शाला प्रबंध समिति का गठन, मंगला अध्यक्ष



**भोंड।** बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला भूरसुंडी में शनिवार को पालकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति में शाला प्रबंध समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। पालकों ने विद्यालय के विकास, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से मंगला नाग को समिति का अध्यक्ष तथा बुधराम बघेल को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के सदस्यों के रूप में जयमन कश्यप, अस्तुराम बघेल, मती बघेल, हीराराम बघेल, फूलचंद बघेल एवं सोमनराम यादव को शामिल किया गया। समिति में वरिष्ठ शिक्षाविद के रूप में ग्राम भाटपाल के सरपंच अमृत कश्यप को विशेष रूप से स्थान दिया गया। संस्था के प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी सचिव तथा वरिष्ठ शिक्षिका रश्मि नेताम समिति की सदस्य के रूप में शामिल हुईं। संस्था प्रभारी शैलेन्द्र तिवारी ने पालकों को शाला प्रबंध समिति के गठन का उद्देश्य, विद्यालय के विकास में समिति की भूमिका तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालय के प्रति पालकों की जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी।

# सेवा सप्ताह में संस्कार और संगठन विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, सुकमा जिला की महत्वपूर्ण बैठक सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सेवा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण और संगठन विस्तार जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने

- विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

समाजहित में विभिन्न सेवा गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।



### सुरक्षा का भाव पहुंचे समाज तक

मुख्य वक्ता विश्ववर्धन भट्ट (बजरंग दल क्षेत्र संयोजक) ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, संस्कार और सुरक्षा का भाव पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि गौ, गंगा, गायत्री, पर्यावरण, मठ-मंदिर और साधु-संतों की रक्षा, मातृशक्ति की सुरक्षा तथा सामाजिक समरसता का वातावरण तैयार करना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय का कुछ हिस्सा समाज और राष्ट्र सेवा के लिए अवश्य समर्पित करना चाहिए। संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं का निर्माण और समाज के बीच सतत कार्य ही संगठन की वास्तविक शक्ति है।

### सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने हुई चर्चा

बैठक के दौरान सेवा सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई गईं। अतिथियों ने माता गायत्री मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया तथा माता चिटमिन अम्मा देवी मंदिर और श्रीराम पथगमन मार्ग स्थित रामाराम मंदिर में दर्शन कर धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया।

बैठक में बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग, प्रांत सह संयोजक यशपाल साहू, मध्य बस्तर विभाग मंत्री कांतीलाल साहू, श्रीधर कश्यप, प्रांत बल उपासना प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद सुकमा जिला अध्यक्ष अनिल टावरी, दक्षिण बस्तर विभाग मंत्री मुन्नाराम नाग, जिला सह मंत्री जगदीश नाग, जिला कोषाध्यक्ष रोहित कुलदीप, जिला सेवा प्रमुख मनुराम नाग, तोंगपाल प्रखंड अध्यक्ष चेनाराम नाग, प्रखंड मंत्री कामदेव नाग, सत्संग प्रमुख निलाराम नाग, छिंदगढ़ प्रखंड अध्यक्ष संदीप यादव, प्रखंड मंत्री मनीराम बघेल, सुकमा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्छु मड़कम, मातृशक्ति जिला संयोजिका मनीषा शर्मा, जिला दुर्गावाहिनी संयोजिका पुष्पा मंडावी, सह संयोजिका सोनमती यादव, सुकमा प्रखंड संयोजक कैलाश यादव सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता व नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से थाना गीदम पुलिस ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कारली में साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं नए कानूनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को तीनों नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता बीएनएस , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया कि 1 जुलाई 2024 से देश में पुराने आईपीसी, सीआरपीसी और एवीडेंस एक्ट के स्थान पर तीन नए कानून लागू हुए हैं। इन कानूनों में आम नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित न्याय और तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि बीएनएस में महिलाओं, बच्चों और साइबर अपराधों से संबंधित सख्त प्रावधान किए गए हैं। बीएनएसएस में एफआईआर से लेकर ट्रायल तक की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाया गया है। वहीं बीएसए में डिजिटल साक्ष्यों को अधिक महत्व दिया गया है। साइबर जागरूकता सत्र में छात्रों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें और साइबर बुलिंग से बचने के उपाय बताए गए।

पुलिस ने कहा कि कोई भी अज्ञात नंबर से आए लिंक पर क्लिक न करें और बैंक की जानकारी किसी से साझा न करें।

### 20 जुलाई से शुरू होगा एनडीआरएफ का प्रशिक्षण

**बीजापुर।** आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 3वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ, मुंडली, कटक ओडिशा द्वारा फेमेक्स कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 20 जुलाई से 1 अगस्त तक जिले के चारों विकासखंडों में निर्धारित स्थलों पर आयोजित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 20 जुलाई को नगर पालिका परिषद बीजापुर, 21 जुलाई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर तथा 22 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरपाल में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

लोहंडीगुड़ा तहसीलदार कैलाश पोयाम ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चित्रकोट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा उनके साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा।



कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, प्रधान पाठक तिलोत्तमा घरत एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यार्थियों में शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# बीएमएस शॉपिंग मॉल व कॉनप्लेक्स सिनेमा का हुआ भव्य शुभारंभ







बिजनेस साइट

**जगदलपुर।** शनिवार को शहर के मोतीतालाबपारा में बीएमएस मॉल एवं कॉनप्लेक्स सिनेमा का शुभारंभ वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप एवं महापौर संजय पांडे ने फिता काटकर किया। इस अवसर

- 7 मंजिला मॉल में जल्द ही होटल व स्वीमिंग पुल की भी सुविधा

पर राजस्व एवं आपदा मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित संभाग के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिरकत की।

इस सात मंजिला शॉपिंग मॉल में विशाल बेसमेंट पार्किंग के साथ प्रथम 2 तलों में ब्रांडेड शोरूम, तृतीय तल में संभाग का सबसे बड़ा और आलीशान कॉनप्लेक्स सिनेमा (ऑडी 1 एंड 2 दो थिएटर), फूड कोर्ट एवं गेम जोन स्थित है। पांचवे एवं छठवें तल में होटल प्रस्तावित है एवं सातवें तल में स्विमिंग पूल का निर्माणाधीन है। वहीं चतुर्थ तल को स्टोर व तकनीकी कार्यों के लिए आरक्षित रखा गया है।

कॉन्प्लेक्स सिनेमा की टिकटें ऑनलाइन बुकिंग साइट्स पर उपलब्ध है जिसमें लाउंजर, सोफा स्लाइडर, सोफा स्लाइडर प्राइम एवं रिक्लाइनर सीट्स की बुकिंग की जा रही है।

संचालक श्याम सोमानी ने बताया कि इस प्रतिष्ठान के प्रारंभ होने से शहरवासियों को खरीदारी, मनोरंजन एवं आधुनिक सुविधाओं का एक बेहतर केंद्र उपलब्ध होगा। साथ ही स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। इस लग्जरी सिनेमहाल में परिवार के साथ मूवी देखने का अलग आनंद लोगो को मिलेगा। कॉन्प्लेक्स सिनेमा एक उभरती हुई भारतीय लग्जरी सिनेमा श्रृंखला है जो द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों में फिल्म देखने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित कर रही है अब इसका लुत्फ बस्तर के लोग भी ले सकेंगे। इसमें आरामदायक बैठने की व्यवस्था, क्रिस्टल-क्लियर विजुअल्स और विभिन्न फॉर्मेट (स्मार्ट, सिग्नेचर और लक्जूरियंस) में इमर्सिव साउंड की सुविधा है। साथ ही किफायती कॉम्बो और स्नैक्स की एक विस्तृत विविधता उपलब्ध है।

# प्रकृति संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में भानपुरी में ट्री एटीएम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने निःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- जिपं अध्यक्ष ने भानपुरी में ट्री एटीएम शुरू करने दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर श्रीमती कश्यप ने कहा कि प्रकृति की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक-एक पौधा लगाकर और उसका संरक्षण कर हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं हरित भविष्य दे सकते हैं। एक पेड़ मां के







नाम अभियान को जन-आंदोलन बनाएं। यह पहल लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करने और एक पेड़ मां के नाम अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ट्री एटीएम स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाए। वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना चाहिए साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वनों को अतिक्रमण होने न दें।

### शामिल रहे जनप्रतिनिधि व अधिकारी

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जनपद पंचायत सदस्य गौरव कश्यप, पंचायत सदस्य रायधर दीवान, भाजपा जिला महामंत्री खितेश कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी के महामंत्री तुलसू कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप, भाजपा मंडल भानपुरी अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष हीरालाल कश्यप, एसडीओ आईपी बंजारे सहित जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

### 90 आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 3.74 करोड़ स्वीकृत

**बीजापुर।** जिले में आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर विश्वदीप ने छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत 90 आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 3 करोड़ 74 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की है। पुनर्वास नीति के तहत स्वीकृत प्रोत्साहन राशि संबंधित आत्मसमर्पित नक्सलियों के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में तीन वर्ष की सावधि जमा (एफडी) के रूप में जमा की जाएगी। निर्धारित अवधि पूर्ण होने पर तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित आत्मसमर्पित नक्सलियों के आचरण को संतोषजनक प्रमाणित किए जाने के बाद ही उन्हें उक्त राशि आहरित करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक को स्मरण पत्र सौंपा



**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन जिला बस्तर जगदलपुर ने संयुक्त रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव को 2 फीसदी मंहगाई भत्ता सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का स्मरण पत्र सौंपा। कार्यक्रम के तहत संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला, जिला अध्यक्ष संजय चौहान तथा पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरडी तिवारी के नेतृत्व में संघ के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती नीलम मिश्रा, राम प्रभाकर मिश्रा, जीएल यादव, खगेश सोम, रामजी मामड़ीकर, संजय वैष्णव, संकेत शुक्ला, मोतीलाल वर्मा, राजेंद्र पांडे, तारा सिंह फूटान, निराकार प्रसाद आचार्य, प्रमोद पांडे, मनीष श्रीवास्तव, दामोदर सिंह ठाकुर, लक्ष्मी नाथ कश्यप, राजकुमार साहू, उमेश मेश्राम, रमाकांत साहू एवं अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित थे। विधायक ने भरोसा दिया कि आपकी मांगों के संबंध में विधानसभा में चर्चा की जावेगी और मांग का निराकरण भी जल्द होगा।

### प्रति एकड़ 65 हजार क्षतिपूर्ति देने पर बनी सहमति

# स्टील प्लांट के दूषित जल से 45 किसानों के खेत हुए बर्बाद

## हरिभूमि ने प्रभावित किसानों से की चर्चा, सभी ने कहा-कालापानी से पूरी फसल को हुआ नुकसान

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

संभाग मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित नगरनार स्टील प्लांट के दूषित जल से 45 किसानों की खेत की फसल बर्बाद हो गई है। यह सिलसिला 2017-18 से लगभग 8 साल से चला आ रहा है। हर साल खेती किसानी सीजन के समय प्लांट से गंदा पानी छोड़े जाने से किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो रही है। प्रभावित किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर राजस्व विभाग के मैदानी अमलों ने नुकसान का सर्वेक्षण कर तहसीलदार और एसडीएम को रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट कलेक्टर के पास भेजी गई है। वहां से एनएमडीसी प्रबंधन को क्षतिपूर्ति प्रदान करने के लिए आदेश

- कलेक्टर ने 8 साल से व्याप्त समस्या का स्थायी हल निकालने नगरनार प्रबंधन को दिए निर्देश

मिलने पर किसानों को राशि मिलेगी। हरिभूमि ने आज नगरनार क्षेत्र के प्रभावित किसानों और कालापानी से खेतों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सभी किसानों ने पिछले 8 साल से खेत कि फसल पूरी तरह नष्ट होने की बात कही। पिछले सालों में 15 से 22 हजार तक किसानों को नुकसाना का मुआवजा मिलने की बात कही गई । लेकिन इस बार प्रशासन खुद प्रभावितों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठकर क्षतिपूर्ति का आकलन किया है। सरपंच उमाकांतो बघेल ने बताया कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान सरकार समर्थन मूल्य 3100 के हिसाब से खरीद रही है। इसलिए उसी अनुपात में किसानों को नुकसान फसल का मुआवजा मिलना चाहिए। पिछले दिनों पटवारी क्वॉटर नगरनार में हुई बैठक में प्रत्येक किसान को दो साल का नुकसान एक एकड़ का 65 हजार देने पर सहमति बनी है। लेकिन फाइलों में चल रही कार्यवाही से अभी तक किसी भी किसान को राशि नहीं मिली है। इस नुकसान में वर्तमान पंच तथा पूर्व सरपंच रैनु बघेल भी शामिल है। उन्होंने बताया कि एक एकड़ खेत में अभी तक 27 हजार खर्च किया हूं। कालापानी से पूरा फसल बर्बाद हो गया। वहीं किसान दशमु ने अपने डेढ़ एकड़ में 20 हजार खर्च किया है। किसान बलीराम भी डेढ़ एकड़ में 25 हजार खर्च किया है। वहीं किसान बुटेर ने दो एकड़ में धान लगाया था जो पूरी तरह खराब हो गया है।





### उर्मिला केसीसी लोन नहीं पटा पा रही



नगरनार की किसान उर्मिला सेठिया की 3 एकड़ में लगी फसल दूषित पानी से पूरी तरह नष्ट हो गयी है। उसने कहा कि 2021-22 में 52 हजार का केसीसी लोन ली थी जो नहीं पटा पा रही हूं। पिछले 3 साल से एक दाना धान मेरे खेत में नहीं उगा है। अभी भी 80 हजार खर्च हो गया है। ऐसे में 52 हजार का लोन 61 हजार हो गया है।

### सीएम पोर्टल में शिकायत की

उर्मिला सेठिया ने बताया कि क्षतिपूर्ति नहीं मिलने से आर्थिक नुकसान से काफी परेशान हूं। पिछले 4 जुलाई को सीएम पोर्टल में शिकायत की हूं। लगभग 7 मिनट में अपनी बात कही हूं। बताया गया कि शिकायत दर्ज हो गया है लेकिन अभी तक जवाब नहीं आया है। नायब तहसीलदार लखीराम पांडेय ने बताया कि 2 पत्रक में रिपोर्ट बनाकर एसडीएम को दिया गया है। वहां से कलेक्टर के पास भेजा जाना है।

### हर साल किसानों को हो रही परेशानी



स्टील प्लांट के लिए क्षेत्र के किसानों ने पुरखों की जमीन दी है। वहीं इसी नगरनार प्लांट से किसानों के खेत की फसल बर्बाद हो रही है। हर साल यह समस्या आ रही है लेकिन निराकरण नहीं हो रहा है। प्रभावित किसान और पंचायत की मंशा है कि हमेशा के लिए कालापानी की समस्या खत्म हो। इस साल भी किसानों का फसल नष्ट हो गया। उन्हें जल्द क्षतिपूर्ति मिल जाए यह हम चाहते है।

-उमाकांतो बघेल,
सरपंच नगरनार

### स्थायी समाधान के लिए कहा गया है



पिछले 8 साल से स्टील प्लांट के गंदे पानी से किसानों को नुकसान हो रहा है। यह जानकर मैंने नगरनार प्रबंधन से स्थायी समाधान निकालने को कहा है। उस जमीन का अधिग्रहण नहीं होगा लेकिन सरकारी जमीन पर पाइप बिछाकर दूषित जल बाहर किया जा सकता है। प्रबंधन ने इस पर जल्द पहल करने को कहा है। किसानों को क्षतिपूर्ति के लिए भी कार्यवाही चल रही है। जल्द राशि मिल जाएगा।

-आकाश छिकारा,
कलेक्टर बस्तर

# एनसीसी कैडेट्स ने मां के नाम पर लगाया पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



एक पेड़ मां के नाम के तहत शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में शनिवार को पौधरोपण किया गया। एनसीसी कैडेटों ने पौधे लगाए और समाज को पर्यावरण एवं पौधा संरक्षण का संदेश दिया। यह आयोजन 9 वीं सीजी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कण्डपाल के निर्देशन में हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिष्ठाता शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड डॉ आरएस नेताम ने पौधरोपण कर किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के 36 एनसीसी कैडेटों ने फलदार और सौंदर्यीकरण के पौधों का रोपण किया। सभी कैडेटों ने इनकी पूरी देखभाल, सुरक्षा और इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। कैडेटों का मानना था कि सिर्फ पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें एक मां की तरह प्यार से सींचना और संरक्षित करना ही असली जिम्मेदारी है। इस अभियान में महाविद्यालय के वैज्ञानिकों का सहयोग मिला। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिक डॉ एनसी मण्डावी, सहायक प्राध्यापक डॉ नीता मिश्रा, डॉ. गुन्जा ठाकुर, डॉ. रेशमा कौशल और एनसीसी के सूबेदार मेजर मिथलेश कुमार द्विवेदी, एनओ एनसीसी एमबी तिवारी एवं हवलदार निरोज नायक ने भी पौधरोपण किया।

## एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** राजस्व, आपदा व उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव तथा अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत किया गया। शनिवार को महापौर संजय पांडेय, पार्षद योगेन्द्र पांडे, निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, परेश बेसरा, अभिलाष यादव, आर्येंद्र सिंह, रामाश्रय सिंह, गोविंद ईनाणी, आशुतोष पांडे, राकेश तिवारी, रोशन झा सहित कलेक्टर आकाश छिकारा एवं अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया ।

# वन मंत्री ने दी तेंदूपत्ता संग्राहकों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सरकार की वनोपज हितैषी नीतियों और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस वर्ष रिकॉर्ड समय में भुगतान मिल रहा है। वन विभाग ने अब तक 46 हजार से अधिक संग्राहकों में से 42 हजार से अधिक हितग्राहियों के खातों में 40.72 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित कर दी है जो कुल स्वीकृत का 88.45 प्रतिशत है।

- सुकमा में रिकॉर्ड समय में 40 .72 करोड़ का भुगतान

वन मंत्री की पहल से मानसून शुरू होने से पहले अधिकांश संग्राहकों के बैंक खातों में राशि पहुंच गया है। इससे वनाश्रित परिवारों को खेती-किसानी की तैयारी, घरेलू जरूरतों और बच्चों की शिक्षा संबंधी खर्चों में राहत मिली है। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ के अंतर्गत वर्ष 2026 में 83,710 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया, जिसमें 46,620 संग्राहकों ने भागीदारी की। इनके लिए कुल 46.04 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। वन मंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के हितों को प्राथमिकता देते हुए भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया है। वन विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि भुगतान बिना किसी बिचौलिए के सीधे संग्राहकों तक पहुंचे, जिससे ग्रामीणों का भरोसा भी मजबूत हुआ है।





### संग्राहकों का सहारा बना भुगतान

तेंदूपत्ता से प्राप्त आय सुकमा सहित बस्तर अंचल के हजारों परिवारों की आर्थिक रीढ़ मानी जाती है। भुगतान की यह राशि सीधे ग्रामीण बाजारों, कृषि गतिविधियों और स्थानीय व्यापार में पहुंचकर पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रही है। खरीफ सीजन की तैयारी के दौरान किसानों को बीज, खाद और कृषि उपकरण खरीदने में भी यह राशि महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। नए शैक्षणिक सत्र के दौरान हजारों परिवार अपने बच्चों की स्कूल फीस, किताबें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था इसी आय से कर पा रहे हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद मिल रही है।

### मंत्री का नेतृत्व जनहितकारी

आदिवासी नेता सोयम मुका ने कहा कि वन मंत्री के नेतृत्व में समयबद्ध भुगतान, पारदर्शी डीबीटी व्यवस्था और वनाश्रित परिवारों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के कारण जिला तेंदूपत्ता भुगतान के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक सफल और जनहितकारी मॉडल के रूप में उभर रहा है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार शेष पात्र संग्राहकों के भुगतान की प्रक्रिया तेजी से जारी है। जुलाई माह के अंत तक शत-प्रतिशत भुगतान का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

### अंकिता को मिला समय पर विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र

**बीजापुर।** सेवा सेतु केन्द्रों के जरिए विभिन्न सेवाएं तेजी से आमजन तक पहुंच रही हैं, जिससे शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। इसी क्रम में ग्राम भुसापुर, तहसील उसूर की हितग्राही अंकिता ओयम को सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से समयबद्ध प्रक्रिया में विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# 14 से 15 वर्ष के किशोरी बालिकाओं को लगेगा एचपीवी का टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में एचपीवी टीकाकरण पर अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा , महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एचपीवी वैक्सीन एवं टीकाकरण से संबंधित जानकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने दी। डीपीएम डॉ रीना लक्ष्मी ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं खंड स्रोत समन्वयकों को शासकीय एवं निजी हाई स्कूलों में अध्यनरत 14 से 15 वर्ष आयु तक के योग्य किशोरी बालिकाओं की सूची एवं अभिभावकों के साथ काउंसलिंग बैठक जल्द आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बालिकाओं को शत प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण मे सहयोग करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने कहा कि 13 से 18 जुलाई तक जिले में विशेष एचपीवी टीकाकरण सप्ताह मनाया जाएगा। अंतर्विभागीय समन्वय एवं सहयोग से यह अभियान सफल हो पाएगा। बैठक में डीपीसी अशोक पांडेय, शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक बस्तिया एवं खंड चिकित्सा अधिकारी, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी शामिल थे।

### मूंगफली की खेती बनी अतिरिक्त आय का जरिया

**बीजापुर।** राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल- ऑयल पाम योजना के तहत बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम कचनूर निवासी किसान पोटाम गणेश ने ऑयल पाम की खेती के साथ अंतरवर्तीय फसल के रूप में मूंगफली की खेती कर अतिरिक्त आय अर्जित कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पोटाम गणेश ने अपनी 2.20 हेक्टेयर भूमि में ऑयल पाम पौधों का रोपण किया। पौधों के प्रारंभिक वर्षों में खाली भूमि का बेहतर उपयोग करते हुए उन्होंने मूंगफली की अंतरवर्तीय खेती अपनाई। इससे उन्हें 1 लाख रुपये का उत्पादन मूल्य प्राप्त हुआ, जबकि खेती पर लगभग 30 हजार रुपये का व्यय आया। इस प्रकार उन्हें 70 हजार रुपये की शुद्ध आय हुई।

## उन्नत बीजों के उपयोग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला

# स्मार्ट व सतत कृषि को लेकर युवाओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



माई भारत एवं भोर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में वीबीवाईएलडी (विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग) गोलमेज सम्मेलन का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में किया गया।

सम्मेलन का विषय "स्मार्ट एवं सतत कृषि के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाना" रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीक और स्थानीय अनुभवों के आधार पर उनके सुझावों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी समय की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि बस्तर की पारंपरिक कृषि पद्धतियों को आधुनिक तकनीक, नवाचार और वैज्ञानिक सोच से जोड़कर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है तथा कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकता है।

परिचर्चा सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश ने मौसम आधारित कृषि प्रबंधन, आंकड़ों पर आधारित खेती तथा उन्नत बीजों के उपयोग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

वनस्पति वैज्ञानिक गणेश निषाद ने लघु वनोपज, स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण एवं उसके वैज्ञानिक विपणन की आवश्यकता बताई। वहीं जैविक खेती विशेषज्ञ सुरेश नाग ने प्राकृतिक खेती को लागत घटाने, भूमि की उर्वरता बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। खुले संवाद सत्र में युवाओं ने कृषि उद्यमिता, डिजिटल कृषि, बाजार से बेहतर जुड़ाव, किसानों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण तथा स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर अपने सुझाव साझा किए। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में प्राप्त सभी सुझावों को संकलित कर नीतिगत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा, जिसे संबंधित शासकीय एवं प्रशासनिक विभागों को भेजा जाएगा ताकि भविष्य की कृषि नीतियों में युवाओं के विचारों को स्थान मिल सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला रोजगार अधिकारी अमित वर्मा, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, युवा प्रतिभागी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

